ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के विकास के लि योजना

874. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :**
श्री सुभाष महन्तो :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के विकास के लिए तैयार की गई नई योजना का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्रमशः राजस्थान, तमिलनाडु तथा उड़ीसा में इस योजना के कार्यान्वयन में कितनी प्रगति हुई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट अल्वा) : (क) ग्रामीण स्कूलों में खेल सुविधाएं/अवस्थापना प्रदान करने के लिए एक नयी योजना चालू वित्तीय वर्ष से कार्यान्वयन के लिए मंजूर की गई है, जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार ब्लाक में एक स्कूल को कार्य शुरू करने हेतु एथलैटिक ट्रैक को व्यवस्था करने/स्थायी खेल उपस्कर खरीदने/कार्यात्मक जिम्नाजियम का निर्माण करने के लिए 1.00 लाख रु० की सहायता देगी।

(ख) इस योजना के अन्तर्गत, 43 आवेदन पत्र राजस्थान से और 35 आवेदन पत्र तमिलनाडु से प्राप्त हुए हैं। इन पर कार्रवाई की गई थी और प्रत्येक में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए संबंधित राज्यों को सूचित किया गया था।

उड़ीसा से कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही हुआ है।

राजस्थान में कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल

875. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में कामकाजी महिलाओं के लिए किन-किन स्थानों पर होस्टल स्थापित किए गए हैं ; और

(ख) क्या सरकार इस राज्य में इस प्रकार के और भी होस्टल स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कहां-कहां और कब तक ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट अल्वा) : (क) राजस्थान में निम्नलिखित स्थानों पर कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टलों की स्वीकृति दे दी गई है :—

क्रम सं०	परियोजना का स्थान
1.	अजमेर
2.	अलवर
3.	अरदावत
4.	बनस्थली
5.	बसवारा
6.	बयावर
7.	भरतपुर
8.	भीलवाड़ा
9.	बीकानेर
10.	भुसावर
11.	चितौड़गढ़
12.	हनुमानगढ़
13.	खेत्री